# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 10th



aglasem.com

Class : 10th

Subject : हिंदी

Chapter : 1

Chapter Name : माँ का आँचल

Q1 प्रस्तुत पाठ के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बच्चे का अपने पिता से अधिक अधिक जुड़ाव था, फिर भी विपदा के समय वह पिता के पास ना जाकर माँ की शरण लेता है | आपकी समझ से इसकी क्या वजह हो सकती है ?

Answer. बच्चे को अपने पिता से ज्यादा लगाव था, उसके पिता उसके दोस्त जैसे थे | वह उसके साथ खेलते भी थे | लेकिन जब उसपर मुसीबत आयी और उसको डर लगा तब उसे सिर्फ माँ का प्यार और उसकी ममता याद आयी | उसको जो प्यार और कोमलता उसको माँ से मिलती वह उसे पिताजी से ना मिल पाती | इसलिए विपदा के समय वह पिताजी के पास ना जाकर वह अपनी माँ की गोदी में गया |

page : 8 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q2 आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है ?

Answer. बच्चों को अपनी उम्र के साथियों के साथ खेलना कूदना ज्यादा पसंद होता है | वह अपनी उम्र के दोस्तों के साथ ज्यादा मज़े करते हैं और उनको खेलता देख खुद को रोक नहीं पाते और खुद भी खेलने में लग जाते हैं | दूसरा कारण यह भी हो सकता है की बच्चे अपने दोस्तों के सामने रोना पसंद नहीं करते | इन्ही कारणों की वजह से भोलानाथ अपने साथियों को देख सिसकना भूल जाता है |

page : 8 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q3 आपने देखा होगा की भोलानाथ और उसके साथी जब-जब खेलते-खाते समय किसी न किसी प्रकार की तुकबंदी करते हैं | आपको आपको अपने खेलों आदि से जुडी तुकबंदी याद हो तो लिखिए |

Answer. छात्र स्वयं करे |

page : 8 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q4 भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है ?

Answer. भोलानाथ की खेल और खेलने की सामग्री हमारे खेल और खेलने की सामग्री से बहुत अलग हैं | भोलानाथ के समय में बच्चे खेल की सामग्री खुद बनाते थे या घर में इस्तेमाल ना हो रही वस्तुओं का

उपयोग करते थे | वह घर के बाहर सभी बच्चों के साथ मिल जुलकर खेला करते थे, और दोस्तों के साथ खेलना ज्यादा पसंद करते थे|

लेकिन आज के बच्चे ऐसा नहीं करते | वह अपने घर में रह कर वीडियो गेम या मोबाइल में गेम खेलना ज्यादा पसंद करते हैं | अगर वह घर के बाहर जाकर खेलते भी हैं तो खेलने की सारी सामग्री बाजार से खरीदते हैं | आज कल के बच्चे धूल मिट्टी में खेलना पसंद नहीं करते |

page : 8 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q5 पाठ में आए ऐसे प्रसंगों का वर्णन कीजिये जो आपके दिल को छू गए हों ?

Answer. पाठ में बहुत सारे ऐसे प्रसंग हैं जो दिल छू जाते हैं | जैसे :

१) जब भोलानाथ के पिताजी उसके साथ कुश्ती लड़ते और उसको खुश करने के लिए हार भी जाते थे |

२) जब बच्चे घर के चबूतरे पर नए नए खेल खेलते रहते, और भोलानाथ के पिताजी के आते ही वह सब भाग जाते थे | फिर थोड़ी देर बाद इकट्ठा होकर कोई नया खेल खेलने लगते |

३) जब बच्चे चूहे के बिल में पानी फेंक रहे होते थे और उसमे से सांप निकल आता है, सभी बच्चे भयभीत होकर घर की तरफ भागने लगते हैं |

४ ) जब भोलानाथ को डर लगता हैं तब वो अपने पिताजी की आवाज़ को ना सुन कर सीधा अपनी माँ के पास जाता है |

page : 8 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

aglasem.com

Q6 इस उपन्यास के अंश में तीस दशक की ग्राम्य संस्कृति का चित्रण है | आज की ग्रामीण संस्कृति में आपको किस तरह के परिवर्तन दिखाई देते हैं ?

Answer. तीस दशक की ग्रामीण से लेकर आज की ग्रामीण संस्कृति में बहुत सारे परिवर्तन हुए हैं | तीस के दशक में लोग मिलजुलकर सामूहिक परिवार में रहते थे, सारे तीज- त्यौहार सबके साथ मिलजुलकर उत्साह पूर्वक मनाये जाते थे | कोई किसी के लिए अपने मन में हीन भावना नहीं रखता था | परन्तु आज की ग्रामीण संस्कृति ऐसी नहीं है , आज कल लोग अपने घरों में ही सिमट गए हैं और लोग एकल परिवार में विश्वास करने लगे हैं  और घरों में भी बच्चे समूह में नहीं दिखाई देते | अब गावों में शहर जैसी सारी सुविधाएँ हो गयी हैं और लोग शहर जैसे  ही वहां रहने लगे हैं| बच्चों के पालन पोषण का तरीका बदल गया है और लोगों की धार्मिक भावनाओं में भी कमी आ गयी है |

page : 8 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q7.पाठ पढ़ते- पढ़ते आपको भी अपने माता-पिता का लाड-प्यार याद आ रहा होगा | अपनी इन भावनाओं को डायरी में अंकित कीजिए |

Answer. छात्र स्वयं करें |

page : 8 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q8 यहाँ माता - पिता का बच्चों के प्रति जो वात्सल्य हुआ है उसे अपने शब्दों में लिखिए |

Answer. पिता का अपने बच्चे को नहलाना धुलाना, उनको पूजा पाठ में बिठाना, फिर उन्हें घुमाने ले जाना और लौटते वक़्त पेड़ो पर झूला झूलाना और फिर अपने ही पास सुलाना | बच्चों के साथ बच्चों की ही तरह खेलना और कुश्ती में उन्हें जीतने भी देना |

माँ का अपने बच्चों की मालिश करना, बच्चे के बाल बनाकर उसे रंग बिरंगे कपडे पहनाना तथा दही-चावल को तोता मैना बनाकर खिलाना | रोते हुए बच्चे को बड़े प्यार से अपने आँचल में छुपाकर उसे चुप कराना तथा उसके घाव पर हल्दी लगाना |

page : 9 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q9 माता का आँचल शीर्षक को उपयुक्त बताते हुए कोई अन्य शीर्षक सुझाइये |

Answer. माता का आँचल बिलकुल सटीक और उचित शीर्षक है | पर इसके अलावा और उपयुक्त शीर्षक हैं :

मेरा बचपन

बाल जीवन

माँ की ममता

कोई लौटा दे मेरा बचपन

page : 9 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q10 बच्चे माता पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं ?

Answer. माता पिता के प्रति बच्चे अपने प्रेम को निम्न तरीको से अभिव्यक्त करते हैं:

१) माता पिता के साथ हमेशा रहकर क्योंकि उनको भी हमारी ज़रूरत होती है |

२) उनके साथ खेल कूदकर ताकि उनको भी उनके बचपन के दिन याद आ जाए।

aglasem.com

३)  माँ की गोद या पिता की गोद में बैठकर|

४) माता पिता के साथ भिन्न भिन्न प्रकार की बातें कर उनको अपने दिन के बारे में बताना |

५) अपनी माता पिता की आज्ञा का पालन करना |

६) एक अच्छा इंसान बनना ताकि उनको हम पर नाज़ हो।

page : 9  , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q11 इस पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गयी है वो आपकी  बचपन की दुनिया से किस तरह से भिन्न है ?

Answer. आज के बच्चों की दुनिया इस कहानी से बिलकुल भिन्न है | आज के बच्चों को बचपन से ही पढाना शुरू कर दीया जाता हैं | तीन या चार साल के बच्चों के पास खेलने का समय नहीं होता है क्योंकि वह स्कूल जाने लगते हैं और उन्हें स्कूल और स्कूल के होम वर्क की चिंता सताती रहती है | बच्चों को धुल मिट्टी में खेलने नहीं दिया जाता बल्कि उन्हें धुल मिट्टी से बचाकर रखा जाता है |आज के माता पिता भी अपने बच्चों के खेल में इतनी रूचि नहीं लेते और उनके साथ खेलते नहीं है | आज के समय में हर माता पिता यही चाहते है की उनका बच्चा पढ़ाई करे और परीक्षा में अच्छे से अच्छे अंक लाये |

page : 9  , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q11 फणीश्वरनाथ रेणु और नागार्जुन की आंचलिक रचनाओं को पढ़िए |

Answer छात्र स्वयं करे |

page : 9  , Block Name : प्रश्न अभ्यास

aglasem.com